करेंट अफेयर्स

03 जुलाई, 2021

1. AJNIFM और Microsoft समझौता

समझौता का विषय - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती प्रौद्योगिकियों के उत्कृष्टता केंद्र का निर्माण

उद्देश्य – संपूर्ण भारत में सार्वजनिक वित्त प्रबंधन के भविष्य को बदलना और आकार देने के लिए क्लाउड, एआई और उभरती प्रौद्योगिकियों की भूमिका का पता लगाना

विशेष - दोनों कंपनियां केंद्रीय और राज्य मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में वित्त और संबंधित क्षेत्रों में उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग की खोज करेंगें

महत्व - AJNIFM और Microsoft वित्त प्रबंधन में उभरती प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोग पर प्रशिक्षण देंगे, जिससे सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारियों को मनी लॉन्ड्रिंग जैसे संभावित जोखिमों को दूर करने में सहायता मिलेगी.

AJNIFM - अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान

2. डिजिटल इंडिया अभियान की 6वीं वर्षगांठ

वर्षगांठ का आयोजन - 1 जुलाई, 2021 को

विशेष - इस अवसर पर पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अभियान के लाभार्थियों से बातचीत की

महत्व - इससे सेवाओं को सक्षम बनाने, सरकार को नागरिकों के करीब लाने, नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देने और लोगों को सशक्त बनाने में मदद मिली है।

उपलब्धियाँ :

DigiLocker (स्कूल सर्टिफिकेट से लेकर दूर जरूरी डॉक्युमेंट्स रखने की सुविधा) से कोरोना काल में

कई शहरों के स्कूल कॉलेज में वेरिफिकेशन करने में मदद मिली

ऑनलाइन पेमेंट ऐप से बिजली बिल, पानी बिल, इनकम टैक्स भरना काफी आसान हुआ

गरीबों के अकाउंट खोल उनके बैंक अकाउंट में सीधे पैसे भेजने से बिचौलिए खत्म

कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग ऐप आरोग्य सेतु से कोरोना रोकने में मदद मिली

भारत को A.I. और ब्लॉक चैन से आगे बढ़ाने की कोशिश

स्वमित्व योजना से जमीनों की ड्रोन मैपिंग

एक ही राशन कार्ड पूरे देश में मान्य

डिजिटल इंडिया अभियान का आरम्भ - 1 जुलाई 2015 को

अंतर्राष्ट्रीय

3. अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिकों पर ILO की रिपोर्ट

चर्चा में क्यों - अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने कोरोना महामारी और बढ़े हुए वैश्विक औद्योगीकरण के मध्य अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिकों पर एक रिपोर्ट प्रकाशित जारी की।

रिपोर्ट संबंधी महत्वपूर्ण तथ्य :

वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिकों की संख्या में 2017 की अपेक्षा 3% की वृद्धि (169 मिलियन)

युवा प्रवासी श्रमिकों (15-24 आयु वर्ग) की हिस्सेदारी में लगभग 2% या 3.2 मिलियन की वृद्धि

कई प्रवासी श्रमिक अस्थायी, अनौपचारिक या असुरक्षित नौकरियों में कार्य करने को मजबूर

कोविड संकट ने युवा प्रवासी श्रमिकों के साथ महिला प्रवासी श्रमिकों के लिए जोखिमों को और बढ़ा दिया है

राज्य

4. क्लाउड-आधारित स्वास्थ्य परियोजना

परियोजना का पूरा नाम - क्लाउड–आधारित स्वास्थ्य देखभाल सूचना प्रबंधन प्रणाली (Health Care Information Management System – HISM)

परियोजना का अनुमोदन – दिल्ली सरकार द्वारा

लॉचिंग तिथि – मार्च, 2022

HIMS : राज्य के प्रत्येक नागरिक को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के लाभों की उपलब्धता हेतु ई–स्वास्थ्य कार्ड जारी

विशेष - रोगियों को परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करने में सक्षम

महत्व – कोई भी अस्पताल HIMS का उपयोग करके मरीजों के पिछले स्वास्थ्य रिकॉर्ड और प्रासंगिक जानकारी तक भी पहुंच सकते हैं।

बिहार स्पेशल न्यूज

5. **एसआईपीसी की बैठक में 99 नए प्रस्तावों को मंजूरी** - राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद की (एसआईपीसी) 30वीं बैठक में 99 नए निवेश प्रस्तावों को मंजूरी

कुल निवेश की धनराशि - 12744.59 करोड़ रुपये

59 प्रस्ताव - इथेनॉल संबंधी निवेश (12347.88 करोड़ रुपये)

20 प्रस्ताव - खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित (219.58 करोड़ रुपये)

एसआईपीसी की बैठक में अन्य प्रस्तावों को मंजूरी:

प्लास्टिक एवं रबर प्रक्षेत्र की तीन इकाइयों (37.84 करोड़ रुपये) को मंजूरी

अक्षय ऊर्जा से संबंधित तीन इकाइयों (76.29 करोड़ रुपये) को मंजूरी

आक्सीजन उत्पादन से जुड़ी पांच इकाइयों (9.26 करोड़ रुपये) को मंजूरी

सामान्य विनिर्माण क्षेत्र की चार इकाइयों (30.82 करोड़ रुपये) को मंजूरी

इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर से संबंधित दो इकाइयों (3.04 करोड़ रुपए) को मंजूरी

6. स्मार्ट सिटी पर पैसा खर्च करने में पटना का 62वां स्थान

देश के 100 स्मार्ट सिटी में सर्वाधिक पैसा खर्च करने वाले शहर में पटना का स्थान - 62वां

बिहार के तीन अन्य शहर :

बिहारशरीफ – 70 वां

भागलपुर – 91 वां

मुजफ्फरपुर – 99 वां

100 स्मार्ट सिटी में प्रथम स्थान - भोपाल

दूसरा स्थान – सूरत

तीसरा स्थान – इंदौर

अंतिम स्थान – पुदुचेरी

अर्थव्यवस्था

7. कोविड-19 टीकों के लिए $8 बिलियन का अनुदान

अनुदान देने वाला संस्थान - विश्व बैंक

उद्देश्य - कोविड–19 टीकों के वित्तपोषण हेतु

विश्व बैंक द्वारा अब तक कुल अनुदान - $20 बिलियन (पूर्व में 12 बिलियन और वर्तमान $8 बिलियन)

वित्त पोषण की अवधि - 2022

विश्व बैंक का टीका अनुदान की अपील - विश्व बैंक अध्यक्ष ने अधिशेष खुराक (surplus doses) वाले देशों से विकासशील देशों के उपयोग के लिए टीका दान करने की अपील की थी।

विश्व बैंक का योगदान - विश्व बैंक कोविड–19 महामारी के स्वास्थ्य, आर्थिक और सामाजिक प्रभावों से लड़ने के लिए लगभग 150 बिलियन डॉलर की मंजूरी दे चुका है।

8. 'शॉप्सी' (Shopsy) ऐप लॉन्च

लॉचिंग कंपनी – फ्लिपकार्ट

उद्देश्य - फ्लिपकार्ट के ऑनलाइन कारोबार को बढ़ावा देना

लाभ - बिना किसी निवेश के ऑनलाइन कारोबार शुरू करने में मददगार

फ्लिपकार्ट का लक्ष्य – वर्ष 2023 तक 25 मिलियन से अधिक ऑनलाइन उद्यमियों को डिजिटल कॉमर्स की मदद से सक्षम बनाना

फ्लिपकार्ट - भारतीय ई–कॉमर्स कंपनी

मुख्यालय - बैंगलोर

विविध (पुरस्कार)

9. कुवेम्पु राष्ट्रीय पुरस्कार, 2020

पुरस्कार विजेता - डॉ. राजेंद्र किशोर पांडा (उड़िया कवि)

नाम की सिफारिश - प्रो. हम्पा नागराजैया की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति द्वारा

कुवेम्पु राष्ट्रीय पुरस्कार - दिवंगत कवि कुवेम्पु की स्मृति में स्थापित

पुरस्कार - 5 लाख रुपये, एक रजत पदक और एक प्रशस्ति पत्र

स्थापना - 2013 में (राष्ट्रकवि कुवेम्पु ट्रस्ट द्वारा)

उद्देश्य - भारतीय संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय भाषाओं में साहित्यकारों को उनके योगदान के लिए सम्मानित करना।